# Series–C

Roll No.........................

Total No. of Questions–29] [Total No. of Printed Pages–16

**A–835–C–XII–2325**

# HINDI

**Time Allowed—3 Hours** **Maximum Marks—80**

**परीक्षार्थी यथासम्भव अपने शब्दों में ही उत्तर दें।**

**प्रत्येक प्रश्न के अंक उसके सामने दिए गए हैं।**

**विशेष निर्देश :**

(i) अपनी उत्तर-पुस्तिका के मुख्य पृष्ठ के ऊपर बायीं ओर दिए गए वृत्त में प्रश्न-पत्र सीरीज अवश्य लिखिए।

(ii) प्रश्नों के उत्तर देते समय जो प्रश्न-संख्या प्रश्न-पत्र पर दर्शाई गई है, उत्तर-पुस्तिका पर वही प्रश्न-संख्या लिखना अनिवार्य है।

(iii) उत्तर-पुस्तिका के बीच में खाली पन्ना/पन्ने न छोड़िए।

(iv) सभी प्रश्न अनिवार्य हैं। सुलेख व वर्तनी का विशेष ध्यान रखिए।

(v) खण्ड-क में दिए गए बहुविकल्पीय प्रश्नों के उत्तर उत्तरपुस्तिका में दी गई OMR Sheet पर ही दीजिए।

## खण्ड-क

प्रश्न संख्या 1 से 16 तक में दिए गए बहुविकल्पीय प्रश्नों में से एक सही विकल्प का चुनाव कीजिए: 16×1=16

1. कार्नेलिया का गीत किस नाटक से लिया गया है?

(a) चन्द्रगुप्त

(b) राजश्री

(c) स्कंदगुप्त

(d) उपरोक्त में से कोई नहीं।

2. तार सप्तक में कितने कवियों की रचनाएँ छपती थीं?

(a) पाँच
(b) सात
(c) नौ
(d) तीन।

3. 'फणीश्वर नाथ रेणु' की कौन सी रचना नहीं है?

(a) मैला आँचल
(b) परती परिकथा
(c) निर्मला
(d) मारे गए गुल्फाम।

4. भरत-राम का प्रेम कविता तुलसीदास जी की किस रचना अंश है?

(a) कवितावली
(b) जानकी मंगल
(c) विनय पत्रिका
(d) रामचरितमानस।

5. चंद्रधर शर्मा 'गुलेरी' की कौन सी कहानी उनका पर्याय बन गई थी?

(a) उसने कहा था
(b) बुद्धू का काँटा
(c) सुखमय जीवन
(d) उपरोक्त में से कोई नहीं।

6. 'अंगारों की शैया' पंक्ति में कौन-सा अलंकार है?

(a) अनुप्रास

(b) उपमा

(c) यमक

(d) रूपक।

7. संभव हरिद्वार में किसके घर गया था?

(a) चाचा के

(b) मित्र के

(c) नानी के

(d) ससुर के।

8. लेखक नेहरू जी से कहाँ मिला?

(a) मुंबई में

(b) दिल्ली में

(c) काश्मीर में

(d) शिमला में।

9. 'चूल्हा ठंडा किया होता तो दुश्मनों का कलेजा ठंडा कैसे होता' किसने कहा?

(a) भैरों ने

(b) जगधर ने

(c) नायक राम ने

(d) सूरदास ने।

10. निर्मल वर्मा का संबंध किस शहर से है?

(a) मंडी

(b) शिमला

(c) लाहौर

(d) अंबाला।

11. निमनाथ पर अत्याचार कैसे हो गया?

(a) छोटे भाई के जन्म से

(b) पिता के दंड से

(c) अध्यापक द्वारा स्कूल से निकालने

(d) साँप के काटने से।

12. समाचार लेखन में प्रमुख रूप से कितने ककारों का प्रयोग किया जाता है?

(a) तीन

(b) पाँच

(c) छः

(d) चार।

13. नाटक को मंच पर क्या किया जाता है?

(a) प्रस्तुत किया जाता है

(b) लिखा जाता है

(c) देखा जाता है

(d) अभिनीत किया जाता है।

14. फीचर की कौन सी विशेषता है?

(a) सृजनात्मक

(b) सुव्यवस्थित

(c) आत्मनिष्ठ

(d) उपरोक्त सभी।

15. श्रव्य जनसंचार माध्यम कौन-सा है?

(a) समाचार पत्र

(b) रेडियो

(c) दूरदर्शन

(d) इंटरनेट।

16. सही मिलान कीजिए:

| | |
|---|---|
| (A) जय शंकर प्रसाद | (i) यहाँ से देखो, सृष्टि पर पहरा, मेरे साक्षात्कार |
| (B) जायसी | (ii) कंकाल, आँसू, लहर |
| (C) केदारनाथ सिंह | (iii) भ्रमरगीत सार, चिंतामणि, विश्वप्रपंच |
| (D) रामचन्द्र शुक्ल | (iv) आखरी कलाम, अखरावट, पद्मावत |

| | (A) | (B) | (C) | (D) |
|---|---|---|---|---|
| (a) | (i) | (iii) | (ii) | (iv) |
| (b) | (iii) | (i) | (iv) | (ii) |
| (c) | (ii) | (iv) | (i) | (iii) |
| (d) | (iv) | (i) | (ii) | (iii) |

## खण्ड-ख

1. निम्नलिखित गद्यांश को ध्यानपूर्वक पढ़कर अंत में पूछे गए प्रश्नों के उत्तर दीजिए: 1,1,1,1,1,1

वैदिक युग भारत का प्रायः सबसे अधिक स्वाभाविक काल था। यही कारण है कि आज तक भारत का मन उस काल की ओर बार-बार लोभ से देखता है। वैदिक आर्य अपने युग को स्वर्णकाल कहते थे या नहीं, यह हम नहीं जानते; किन्तु उनका समय हमें स्वर्णकाल के समान अवश्य दिखाई देता है। लेकिन जब बौद्ध युग का आरंभ हुआ, वैदिक समाज की पोल खुलने लगी और चिंतकों के बीच उसकी आलोचना आरंभ हो गई। बौद्ध युग अनेक दृष्टियों से आज के आधुनिक आंदोलन के समान था। ब्राह्मणों की श्रेष्ठता के विरुद्ध बुद्ध ने विद्रोह का प्रचार किया था, बुद्ध जाति प्रथा के विरोधी थे और वे मनुष्य को जन्मना नहीं, कर्मणा श्रेष्ठ या अधम मानते थे। नारियों को भिक्षुणी होने का अधिकार देकर उन्होंने यह बताया था कि मोक्ष केवल पुरुषों के ही निमित्त नहीं है, उसकी अधिकारिणी नारियाँ भी हो सकती हैं। बुद्ध की ये सारी बातें भारत को याद रही हैं और बुद्ध के समय से बराबर इस देश में ऐसे लोग उत्पन्न होते रहे हैं जो जाति प्रथा के विरोधी थे, जो मनुष्य को जन्मना नहीं कर्मणा श्रेष्ठ या अधम समझते थे। किंतु बुद्ध

में आधुनिकता में बेमेल बात यह थी कि वे निवृत्तिवादी ... गृहस्थों के कर्म में वे भिक्षु-धर्म को श्रेष्ठ समझते थे।

**प्रश्न:**

(i) वैदिक युग स्वर्णकाल के समान क्यों प्रतीत होता है?

(ii) जाति प्रथा एवं नारियों के विषय में बुद्ध के विचारों को स्पष्ट कीजिए।

(iii) 'सन्यास' का अर्थ स्पष्ट करते हुए यह बताइए कि इससे समाज को क्या हानि पहुँचती है?

(iv) बौद्ध युग का उदय वैदिक समाज के शीर्ष पर बैठे लोगों के लिए किस प्रकार हानिकारक था?

(v) बौद्ध धर्म ने नारियों को समता का अधिकार दिलाने में किस प्रकार से योगदान दिया?

(vi) उपर्युक्त गद्यांश का क्या शीर्षक हो सकता है?

18. निम्नलिखित पद्यांश को पढ़कर अंत में पूछे गए प्रश्नों में से किन्हीं **चार** प्रश्नों के उत्तर दीजिए: 1½,1½,1½,1½

मुक्त करो नारी को, मानव! चिर वंदिनी नारी को,

युग-युग की बर्बर कारा से जननी, सखी, प्यारी को!

छिन्न करो सब स्वर्ण-पाश। उसके कोमल तन-मन के,
वे आभूषण नहीं, दाम उसके बंदी जीवन के!
उसे मानवी का गौरव दे पूर्ण सत्व दो नूतन,
उसका मुख जग का प्रकाश हो, उठे अंध अवगुंठन।
मुक्त करो जीवन-संगिनी को, जननी देवी को आदृत
जगजीवन में मानव के संग हो मानवी प्रतिष्ठित!
प्रेम-स्वर्ग हो धरा, मधुर नारी महिमा से मंडित,
नारी-मुख की नव किरणों से युग-प्रभाव हो ज्योतित!

**प्रश्न:**

(i) कवि नारी को किस दशा से मुक्त कराना चाहता है?

(ii) नारी के आभूषणों को उसके अलंकरण के साधन न मानकर उन्हें किन रूपों में देख रहा है?

(iii) वह नारी को किन दो गरिमाओं से मंडित कर रहा है और क्या कामना कर रहा है?

(iv) वह मुक्त नारी को किन-किन रूपों में प्रतिष्ठित करना चाहता है?

(v) आशय स्पष्ट कीजिए:

नारी-मुख की नव किरणों से युग-प्रभात हो ज्योतित

(vi) उपर्युक्त गद्यांश का क्या शीर्षक हो सकता है?

19. निम्नलिखित में से किसी **एक** विषय पर सारगर्भित निबंध लिखिए: 4

(क) मेरा प्रिय लेखक

(ख) ग्लोबल वार्मिंग एवं पर्यावरण

(ग) शिक्षक दिवस समारोह

(घ) स्वतंत्रता दिवस

(ङ) एक पंथ दो काज।

20. अपने क्षेत्र के उप-मंडलाधिकारी को आपके इलाके में बढ़ रही नशा प्रवृति को रोकने हेतु ठोस कदम उठाने के लिए प्रार्थना-पत्र लिखिए।

**अथवा**

अपने मित्र को आपके साथ भ्रमण पर जाने हेतु पत्र लिखिए। 4

21. निम्नलिखित में से किन्हीं तीन प्रश्नों के उत्तर दीजिए: $3\times2=6$

(क) फ्लैशबैक तकनीक क्या है? स्पष्ट कीजिए।

(ख) संचार से आप क्या समझते हैं?

(ग) इंटरनेट के लाभ लिखिए।

(घ) कहानी और नाटक में अन्तर स्पष्ट कीजिए।

(ङ) कविता की शैली विधा पर संक्षिप्त टिप्पणी लिखिए।

22. निम्नलिखित पद्यांश की सप्रसंग व्याख्या कीजिए: 4

अरुण यह मधुमय देश हमारा!
जहाँ पहुँच अनजान क्षितिज को मिलता एक सहारा।
सरस तामरस गर्भ विभा पर-नाच रही तरुशिखा मनोहर।
छिटका जीवन हरियाली पर-मंगल कुंकुम सारा!
लघु सुरधनु से पंख पसारे-शीतल मलय समीर सहारे।
उड़ते खग जिस ओर मुँह किए-समझ नीड़ निज प्यारा।

अथवा

सखि हे, कि पुछसि अनुभव मोए।
सेह पिरिति अनुराग बखानिअ तिल तिल नूतन होए।।
जनम अवधि हम रूप निहारल नयन न तिरपित भेल।।
सेहो मधुर बोल स्रवनहि सूनल स्रुति पथ परस न गेल।।
कत मधु-जामिनि रभस गमाओलि न बूझल कइसन केलि।।
लाख लाख जुग हिअ हिअ राखल तइओ। हिअ जरनि न गेल।।

23. निम्नलिखित में से किन्हीं **तीन** प्रश्नों के उत्तर दीजिए: 3×2=6

(क) देवसेना की हार या निराशा के क्या कारण हैं?

(ख) कवि को अपनी स्वर्गीया पत्नी की याद क्यों आई?

(ग) 'सई साँझ' में घुमने पर बनारस की किन-किन विशेषताओं का पता चलता है?

(घ) 'महीं सकल अनरथ कर मूला' पंक्ति द्वारा भरत के विचारों-भावों का स्पष्टीकरण कीजिए।

(ङ) कातर दृष्टि से चारों तरफ प्रियतम को ढूँढ़ने की मनोदशा को कवि ने किन शब्दों में व्यक्त किया है?

(च) कवि ने किस प्रकार की पुकार में 'कान खोलि है' की बात कही है?

24. निम्नलिखित में से किसी एक कवि की काव्यगत विशेषताएँ लिखिए: 3

(क) जय शंकर प्रसाद

(ख) जायसी।

25. निम्नलिखित पठित गद्यांशों में से किन्हीं दो की सप्रसंग व्याख्या कीजिए: 2×4=8

(क) संवदिया डटकर खाता है और 'अफर' कर सोता है, किन्तु हरगोबिन को नींद नहीं आ रही है।...... यह उसने क्या किया? क्या कर दिया? वह किसलिए आया था? वह झूठ क्यों बोला?...... नहीं, नहीं, सुबह उठते ही वह बूढ़ी माता को बड़ी बहुरिया का सही संवाद सुना देगा अक्षर-अक्षर, 'मायजी, आपकी इकलौती बेटी बहुत कष्ट में है। आज ही किसी को भेजकर बुलवा लीजिए। नहीं तो वह सचमुच कुछ कर बैठेगी। आखिर, किसके लिए वह इतना सहेगी!..... बड़ी बहुरिया ने कहा है, भाभी के बच्चों की जूठन खाकर वह एक कोने में पड़ी रहेगी........।

(ख) उसने कटे हुए हाथ मँगवाए और अपने मजदूरों के फिट करवाने चाहे पर ऐसा नहीं हो सका। फिर उसने

मजदूरों के लकड़ी के हाथ लगवाने चाहे, पर उन: काम नहीं हो सका। फिर उसने लोहे के हाथ फि करवा दिये, पर मजदूर मर गए। आखिर एक दिन बा उसकी समझ में आ गई। उसने मजूदरी आधी कर और दुगुने मजदूर नौकर रख लिए।

(ग) नाम इसलिए बड़ा नहीं है कि वह नाम है। वह इसलिए बड़ा होता है कि उसे सामाजिक स्वीकृति मिली होती है। रूप व्यक्ति-सत्य है, नाम समाज-सत्य। नाम उस पर पद को कहते हैं जिस पर समाज की मुहर लगी होती है। आधुनिक शिक्षित लोग जिसे 'सोशल संक्शन' कहा करते हैं। मेरा मन नाम के लिए व्याकुल है, समाज द्वारा स्वीकृत, इतिहास द्वारा प्रमाणित, समष्टि-मानव की चित्त-गंगा में स्नात।

26. निम्नलिखित में से किन्हीं **तीन** प्रश्नों के उत्तर दीजिए:

**3×2=6**

(क) समवयस्क हिन्दी प्रेमियों की मंडली में कौन-कौन से लेखक मुख्य थे?

(ख) 'जीवन साथी' का चुनाव मिट्टी के ढेलों पर छोड़ने के कौन-कौन से फल प्राप्त होते हैं?.....

(ग) अराफात के आतिथ्य प्रेम से संबंधित किन्हीं दो घटनाओं का वर्णन कीजिए।

(घ) 'कुटज' हम सभी को क्या उपदेश देता है? टिप्पणी कीजिए।

(ङ) जलालगढ़ पहुँचने के बाद बड़ी बहुरिया के सामने हरगोबिन ने क्या संकल्प लिया?

27. निम्नलिखित में से किसी एक लेखक की साहित्यिक विशेषताएँ लिखिए: 3

(क) हजारी प्रसाद द्विवेदी

(ख) रामचन्द्र शुक्ल

(ग) 'फणीश्वर नाथ रेणु'।

28. निम्नलिखित में से किन्हीं दो प्रश्नों के उत्तर दीजिए: 2×2=4

(क) सूरदास जगधर ने अपनी आर्थिक हानि को गुप्त क्यों रखना चाहता था?

(ख) लेखक बिसनाथ ने किन आधारों पर अपनी माँ की तुलना बत्तख से की है?

(ग) मालवा में जब सब जगह बरसात की झड़ी लगी रहती है तब मालवा के जनजीवन पर इसका क्या असर पड़ता है?

(घ) धरती का वातावरण गरम क्यों हो रहा है? इसमें यूरोप और अमेरिका की क्या भूमिका है? टिप्पणी कीजिए।

29. 'सूरदास उठ खड़ा हुआ और विजय-गर्व की तरंग में राख के ढेर को दोनों हाथों से उड़ाने लगा।' इस कथन के सन्दर्भ में सूरदास की मनोदशा का वर्णन कीजिए।

**अथवा**

'अपना मालवा: खाऊ-उजाड़ू सभ्यता में' पाठ के आधार पर बताइए कि विक्रमादित्य, भोज और मुंज पानी के रखरखाव के लिए ऐसा क्या करते थे, जो आज के इंजीनियर नहीं करते?

4